आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

25.04.2024 समय : 1850

- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सुदीप राय शर्मा नगरपालिका परिषद के नए अध्यक्ष चुने गए हैं।

- नवनियुक्त अध्यक्ष ने नगरपालिका परिषद को चलाने के लिए सभी से सहयोग का अनुरोध किया है।

- विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर आज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधी नगर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा है कि भारत आतंकवादियों और अपराधियों द्वारा सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के दुरुपयोग को रोकने में सहयोग जारी रखेगा।

- आशियान देशों मे अपनी सेवाएं पूरी करने के बाद भारतीय तटरक्षक के जहाज़ समुद्र पहरेदार पोर्ट ब्लेयर वापस पहुंचा।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद के तीसरे वर्ष के कार्यकाल के लिए आज अध्यक्ष पद का चुनाव कराया गया। दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में नगरपालिका परिषद के सभागार में कराए गए चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार और पार्षद सुदीप राय शर्मा को विजेता घोषित किया गया। चौबीस पार्षदों की नगरपालिका परिषद में उन्हें कुल पन्द्रह पार्षदों का समर्थन मिला। उनके प्रतिद्वंदी भारतीय जनता पार्टी के अज़ीज़ुर्रहमान को कुल नौ वोट मिले। नगरपालिका परिषद मेंं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दस और उसके सहयोगी डी एम के का एक पार्षद है, जबकि भारतीय जनता पार्टी के दस तेलुगू देशम पार्टी के दो और एक निदर्लीय पार्षद है। आज के चुनाव में कॉस वोटिंग की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। बाद में आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुदीप राय शर्मा ने परिषद के सुचारू संचालन और विकास के लिए प्रशासन सहित सभी से सहयोग का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर आज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधी नगर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रेट निकोबार द्वीप की मलेरिया इकाई की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने इस दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मलेरिया की रोकथाम करने के बारे में अपनाए जाने वाले तरीकों की जानकारी दी।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान ने हाल ही में अपना चौदहवां विस्तार दिवस मनाया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों, पूर्व विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने वेश–भूषा प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें देश की विविधता को दर्शाया गया। संकाय सदस्यों और कर्मचारियों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

<><><><><><><>

प्रकृति शांति निकेतन कार्यक्रम के तहत पर्यावरण और वन विभाग की वन्य प्राणी संभाग की ओर से हाल ही में दिलानीपुर स्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हैडो के प्रकृति उद्यान में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को प्रकृति और विभिन्न प्रकार के पेड़–पौधों

आदि की जानकारी दी गई। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति के बारे में जानकारी देना था। इस अवसर पर वन्य प्राणी पारि–प्रणाली पर ड्रॉइंग और क्वीज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने जोर देकर कहा है कि भारत आतंकी फंडिंग का विरोध करने के लिए आतंकवादियों और अपराधियों द्वारा सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के दुरुपयोग को रोकने में सहयोग करना जारी रखेगा। श्री डोभाल ने रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में सुरक्षा मामलों के लिए जिम्मेदार उच्च स्तर के अधिकारियों की बारहवीं अंतरराष्ट्रीय बैठक में भाग लेते हुए यह बात कही। पॉलीसेंट्रिक वर्ल्ड में सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करने संबंधी पूर्ण सत्र में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री डोभाल ने समावेशी आर्थिक विकास के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की भारत की नीति को रेखांकित किया। उन्होंने सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक खुले, स्थिर, सुरक्षित, विश्वसनीय और समावेशी ढांचे के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का आह्वान किया। सुरक्षा मामलों के लिए जिम्मेदार उच्च स्तरीय अधिकारियों की बारहवीं अंतर्राष्ट्रीय बैठक के मौके पर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने ब्राजील के राष्ट्रपति के मुख्य सलाहकार सेल्सो अमोरिम के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक के दौरान आपसी हितों के द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की गई।

<><><><><><><>

आशियान देशों मे अपनी सेवाएं पूरी करने के बाद भारतीय तटरक्षक के जहाज़ समुद्र पहरेदार पोर्ट ब्लेयर वापस पहुंच चुका है। विदेशों में अपने प्रवास के दौरान समुद्री पहरेदार ने कौशल विकास अभियान सहित कई गतिविधियों में भाग लिया, जिसके माध्यम से सामुद्रिक जागरूकता बढ़ाने के साथ–साथ समुद्र में अवैध गतिविधियों से मुकाबला और प्रतिभागी तटरक्षक राष्ट्रों के साथ एकजुटता और अखंडता को बनाए रखना है। इस सेवा के दौरान संयुक्त सेवा के छः और जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय पोर्ट ब्लेयर के एन सी सी नौसेना के दस कैडेटों ने भी भाग लिया। इससे इन कैडेटों को भविष्य की सामुद्रिक चुनौतियों से निपटने के लिए महत्वूपर्ण अनुभव के साथ–साथ जानकारी भी हासिल हुई है। मौके पर अनुभव के साथ इन कैडेटों को विश्व की मौजूदा वास्तविक सामुद्रिक संचालन के बारे में भी बहुत कुछ सीखने को मिला है।

<><><><><><><>

दूरसंचार विभाग ने नागरिकों के लिए एक दिशा–निर्देश जारी किया है कि लोगों को ऐसे कॉल आ रहे हैं, जिनमें दूरसंचार विभाग के नाम पर कॉल करने वाले धमकी दे रहे हैं कि उनके सभी मोबाईल नंबर बंद कर दिए जाएंगे या उनके मोबाईल नंबरों का किसी अवैध गतिविधियों में दुरुपयोग किया जा रहा है। दूरसंचार विभाग ने विदेशी मूल के मोबाईल नंबरों से ठगने वाले व्हाट्सऐप कॉल के बारे में भी लोगों को अवगत कराया है। विभाग ने एक बयान में कहा है कि साईबर अपराधी ऐसी कॉल के जरिए साईबर अपराध या वित्तीय धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए व्यक्तिगत जानकारी चुराने की कोशिश करते हैं। दूरसंचार विभाग ने बताया है कि उसके द्वारा ऐसी कॉल नहीं की जाती है और इससे लोगों को सर्तक रहने की सलाह दी गई है और ऐसी कॉल आने पर कोई भी जानकारी साझा नहीं करने को कहा गया है। दूरसंचार विभाग ने नागरिकों को संचार साथी पोर्टल **www.sancharsaathi.gov.in** के पोर्टल पर किसी भी ऐसी धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने की सलाह दी है। इसके अलावा दूरसंचार विभाग ने साईबर अपराध या वित्तीय धोखाधड़ी के शिकार होने की स्थिति में साईबर अपराध हैल्पलाइन नंबर एक नौ तीन शून्य या **www.cibercrime.gov.in** पर रिपोर्ट करने की सलाह दी है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आईलैंड साइबर सारथी चैटबोट प्रारंभ किया है। यह अत्याधुनिक साइबर चैटबोट पुलिस के प्रयासों का परिणाम है, जो साइबर अपराधों के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। सी आई डी के पुलिस अधीक्षक राजीव रंजन ने बताया कि इसके माध्यम से साइबर अपराध और उनकी रोकथाम में सहयोग मिलेगा। उन्होंने लोगों से इस सुविधा का लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>